## Punjab Kesari (13.03.2016)

# रोचक खेलों ने बनाया 'कलमायका' को और भी मनोरंजक

**फरीदाबाद,** (नवीन धमीजा, ब्यूरोचीफ): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय का वार्षिकोत्सव एलीमेंट्स कलमायका.2016 के दूसरे दिन विभिन्न मनोरंजक खेल प्रतियोगिताओं, प्रश्नोत्तरी, एकल गायन तथा वाद-विवाद प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। दूसरे दिन के इवेंट्स में हथ्थलॉन, रोबो सोकर, लेन गेमिंग, ब्रेन बस्टर, विंक विद द इंक, पेंट, रोड़, घनचक्कर, विट्सविला जैसे इवेंट प्रमुख रहे। इसके अलावाए सांस्कृतिक मंच पर मिस्टर एंड मिस कलमायका व माइम जैसे कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। दूसरे दिन में सबसे ज्यादा भागीदारी लेन गेमिंग इवेंट्स में देखने को मिली, जहां फरीदाबाद से सात कालेजों एवं तीन स्कूलों ने हिस्सा लिया। इनमें रावल इंजीनियरिंग इंस्टीट्यूट, एकलॉन कालेज, मानव रचना विश्वविद्यालय, डीसीटीएम पलवल प्रमुख रहे।विभिन्न प्रतियोगिता के परिणामों में फोटो इवेंट घनचक्कर में शिवांश व हिमांश विजेता रहे। दूसरा स्थाना समीरा व राहुल तथा तीसरा वंशुल व केशव का रहा। कांट्रेप्शन इवेंट में निखिल, अभिषेक व वाणी पहले तथा शुभम, रिया व कार्तिक दूसरे स्थान पर रहे। चेन रिएक्शन इवेंट में ज्येश शेर व कमलजीत विजेता रहे। हॉवरश इवेंट में रिशब, दीन मोहम्मद और निखिल व हर्षित की टीम विजेता रही। काव्य पाठन प्रतियोगिता में दिल्ली के गार्गी कॉलेज की काजल पहले, एक्थलॉन कालेज के निर्मेश दूसरे तथा वाईएमसीए विश्वविद्यालय की सृष्टि तीसरे स्थान पर रही।



**वाईएमसीए यूनिवर्सिटी में आयोजित कलमायका कार्यक्रम के दौरान डांस करती छात्राएं।**

## Amar Ujala (13.03.2016)

# 'घनचक्कर' में शिवांश व हिमांशु प्रथम

**फरीदाबाद (ब्यूरो)।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में आयोजित वार्षिकोत्सव एलीमेंट्स कलमायका-2016 के दूसरे दिन विभिन्न मनोरंजक खेलों का आयोजन किया गया। फोटो इवेंट घनचक्कर में शिवांश व हिमांशु प्रथम रहे। दूसरा स्थान समीरा व राहुल और तीसरा स्थान वंशुल व केशव के नाम रहा। कांट्रेप्शन इवेंट में निखिल, अभिषेक व वाणी पहले, शुभम, रिया व कार्तिक दूसरे स्थान पर रहे।